निम्बाहेडा–अहीरपुरा माइंस (मुरलिया ब्लॉक) के नाम से है। कम्पनी को उक्त माइंस से अपने सीमेंट उद्योग के प्रयोजनार्थ खनन एवं इसके सहयोगी कच्चा माल परिवहन करने एवं सीमेंट बिक्री हेतु काफी ट्रक आते जाते है जिसके लिये सडक मार्ग से 5 किमी. दूरी तय करनी पडती है। चूंकि सीमेंट उत्पादन रेल्वे लाईन के उस पार होने से रेल्वे फाटक अधिकतर बंद रहने से आवागमन काफी बाधित होने के कारण कंपनी स्वयं के अपने खर्चे पर रेल्वे ओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया है। आगे भविष्य में कम्पनी को इस ओवर ब्रिज का विस्तार करने व उक्त दूरी को कम करने हेतु सुरक्षा की दृष्टि से सीधी सडक बनाने के लिए ग्राम मांगरोल के खाता संख्या 664 में अंकित आराजी संख्या 2097 मीन रकबा 0.48 हैक्टेयर में से 0.0450 हैक्टेयर (दक्षिणी भाग) की आवश्यकता है। उक्त रेल्वे ओवर ब्रिज का उपयोग माइंस क्षेत्र से प्लान्ट तक कच्चा माल लाने व सीमेंट ले जाने में किया जा रहा है साथ ही ग्राम मांगरोल अरनिया जोशी, टीलाखेडा आदि ग्रामों की आमजनता के आवागमन में भी इस सडक का उपयोग किया जा रहा है जो कि राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 89 (02) के अन्तर्गत उपयोग की परिभाषा में आता है। इस कारण राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 89 (02) के अन्तर्गत प्रार्थी कम्पनी उक्त आराजी का उपयोग करने व उसका अधिपत्य प्राप्त करना चाहती है और इस हेतु यह प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। अन्त में प्रार्थना की गई कि प्रार्थी कम्पनी की और से प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत है जिसे स्वीकार फरमाया जाकर अप्रार्थी की उक्त वर्णित भूमि कुल किता 1 कुल क्षेत्रफल 0.48 हैक्टेयर में से 0.0450 हैक्टेयर (दक्षिणी हिस्सा) भूमि जो कि ग्राम मांगरोल में स्थित है की मुआवजा राशि निर्धारित करा भूमि अवाप्त कराने का आदेश फरमावें। ताकि प्रार्थी कंपनी यह राशि जमा करवा दे व इस भूमि का आधिपत्य प्रार्थी कंपनी को दिलवाया जाए व राजस्व रेकार्ड में प्रार्थी कपनी के नाम पर अंकन करवाये जाने का आदेश फरमाया जावें।

इस पर प्रार्थी कम्पनी के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र के तलब किया गया। उप–पंजीयक निम्बाहेडा को उक्त ग्राम की सिंचित/असिंचित कृषि भूमि की सडक के पास अथवा दूर आबादी से पास एवं दूर की प्रचलित बाजार दरे प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये एवं तहसीलदार निम्बाहेडा को आराजीयात जैरबहस के संबंध में आबादी से दूरी की स्थिति, भूमि में स्थित संरचना, निर्माण, वृक्ष, पत्थर कोट आदि की मौका रिपोर्ट उभयपक्षकारान की उपस्थिति में तैयार किये जाने के निर्देश दिये गये।

दिनांक 15.11.2022 को अप्रार्थी संख्या 1 की और से उनके अधिवक्ता हाजिर आये एवं अधिकार पत्र सहमति प्रार्थना–पत्र पेश किया जो कि शामिल पत्रावली होकर रिकार्ड पर है। तहसीलदार निम्बाहेडा द्वारा पत्रांक/राजस्व/2022/1949 दिनांक 07.11.2022 से प्रकरण में मौका रिपोर्ट दिनांक 07.11.2022 प्रस्तुत की गई जो कि शामिल पत्रावली होकर रिकार्ड पर है। प्रकरण में उप–पंजीयक निम्बाहेडा द्वारा पत्रांक/पंजीयन/2022/441 दिनांक 10.11.2022 से ग्राम मांगरोल तहसील निम्बाहेडा की कृषि भूमि की प्रचलित बाजार दर प्रति हैक्टेयर प्रस्तुत की गई जो कि शामिल पत्रावली होकर रिकार्ड पर है। उप–पंजीयक निम्बाहेडा द्वारा पत्रांक/पंजीयन/2023/

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

185 दिनांक 28.08.2023 से वर्तमान में प्रचलित बाजार दर प्रेषित की गई जो कि शामिल पत्रावली होकर रिकार्ड पर हैं। दिनांक 11.07.2023 को अप्रार्थी संख्या 1 के फौत हो जाने से प्रार्थना–पत्र बाबत् कायम मुकाम पेश किया गया जो कि शामिल पत्रावली होकर रिकार्ड पर हैं। दिनांक 05.09.2023 को मृतक अप्रार्थी संख्या 1 के विधिक वारिसान के बावजूद सूचना के हाजिर नहीं आने से इनके विरूद्ध कार्यवाही एक तरफा अमल में लाई गई। इस पर न्यायालय आदेश दिनांक 05.09.2023 से मृतक अप्रार्थी संख्या 1 के विधिक वारिसान को रिकार्ड पर लिया गया।

इस पर हाजिर अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा बहस पत्रावली का निवेदन किये जाने पर अधिवक्ता प्रार्थी कंपनी द्वारा की गई बहस पत्रावली को एक तरफा सुना गया। अधिवक्ता प्रार्थी ने अपनी बहस प्रार्थना पत्र में प्रार्थना–पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहरया एवं बताया कि प्रार्थी कंपनी सीमेंट उत्पादन उद्योग के प्रयोजनार्थ खनन क्षेत्र के लिए प्रार्थी कंपनी के पक्ष में राजस्थान सरकार द्वारा माइनिंग हेतु भूमि लीज दी गई हैं, जो कि निम्बाहेडा–अहीरपुरा माइंस (मुरलिया ब्लॉक) के नाम से हैं। कम्पनी को उक्त माइंस से अपने सीमेंट उद्योग के प्रयोजनार्थ खनन एवं इसके सहयोगी कच्चा माल परिवहन करने एवं सीमेंट बिक्री हेतु काफी ट्रक आते जाते हैं जिसके लिये सडक मार्ग से 5 किमी. दूरी तय करनी पडती हैं। चूंकि सीमेंट उत्पादन रेल्वे लाईन के उस पार होने से रेल्वे फाटक अधिकतर बंद रहने से आवागमन काफी बाधित होने के कारण कंपनी स्वयं के अपने खर्चे पर रेल्वे ओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया है। आगे भविष्य में कम्पनी को इस ओवर ब्रिज का विस्तार करने व उक्त दूरी को कम करने हेतु सुरक्षा की दृष्टि से सीधी सडक बनाने के लिए ग्राम मांगरोल के खाता संख्या 664 में अंकित आराजी संख्या 2097 मीन रकबा 0.48 हैक्टेयर में से 0.0450 हैक्टेयर (दक्षिणी भाग) की आवश्यकता है। उक्त रेल्वे ओवर ब्रिज का उपयोग माइंस क्षेत्र से प्लान्ट तक कच्चा माल लाने व सीमेंट ले जाने में किया जा रहा है साथ ही ग्राम मांगरोल अरनिया जोशी, टीलाखेडा आदि ग्रामों की आमजनता के आवागमन में भी इस सडक का उपयोग किया जा रहा हैं जो कि राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 89 (02) के अन्तर्गत उपयोग की परिभाषा में आता हैं। इस कारण राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 89 (02) के अन्तर्गत प्रार्थी कम्पनी उक्त आराजी का उपयोग करने व उसका अधिपत्य प्राप्त करना चाहती है और इस हेतु यह प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया जा रहा हैं। अन्त में प्रार्थना की गई कि प्रार्थी कम्पनी की और से प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत है जिसे स्वीकार फरमाया जाकर अप्रार्थी की उक्त वर्णित भूमि कुल किता 1 कुल क्षेत्रफल 0.48 हैक्टेयर में से 0.0450 हैक्टेयर (दक्षिणी हिस्सा) भूमि जो कि ग्राम मांगरोल में स्थित हैं की मुआवजा राशि निर्धारित करा भूमि अवाप्त कराने का आदेश फरमावें। ताकि प्रार्थी कंपनी यह राशि जमा करवा दे व इस भूमि का आधिपत्य प्रार्थी कंपनी को दिलवाया जाए व राजस्व रेकार्ड में प्रार्थी कपनी के नाम पर अंकन करवाये जाने का आदेश फरमाया जावें। इसी ईश्तदुआ के साथ विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी ने अपनी बहस पत्रावली समाप्त की।

हमने पत्रावली का आद्योपांत अवलोकन किया। तहसीलदार निम्बाहेडा से प्राप्त मौका रिपोर्ट का गहनता पूर्वक अवलोकन किया। उप–पंजीयक निम्बाहेडा से प्राप्त प्रचलित बाजार दरों का

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

